यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने पीसीआई डीएसएस (पेमेंट कार्ड इंडस्ट्री - डाटा सिक्योरिटी स्टैंडर्ड) प्रमाणन प्राप्त किया

मुंबई, 10 अक्टूबर, 2022: यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने आज प्रतिष्ठित पीसीआई डीएसएस (पेमेंट कार्ड इंडस्ट्री - डाटा सिक्योरिटी स्टैंडर्ड) प्रमाणन प्राप्त किया, जिसमें कार्ड से भुगतान की अवसंरचना को सुरक्षित बनाने के लिए कार्ड से संबन्धित सभी भुगतान प्रणालियों और प्रक्रियाओं को शामिल किया गया है.

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया अपने भुगतान प्रणाली की अवसंरचना के प्रबंधन के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ बैंकिंग उद्योग के अग्रणी अभ्यास को लागू करने में हमेशा सबसे आगे रहा है, जो ग्राहकों के विश्वास को मजबूत करने और ग्राहक के डाटा की गोपनीयता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अत्यधिक सुरक्षित प्रणाली बनाने के बैंक के प्रयास को दर्शाता है.

पीसीआई डीएसएस (पेमेंट कार्ड इंडस्ट्री डाटा सिक्योरिटी स्टैंडर्ड) प्रमाणन, जो कि एक योग्य सुरक्षा मूल्यांकनकर्ता (क्यूएसए) - मेसर्स कंट्रोलकेस द्वारा एक स्वतंत्र मूल्यांकन है, जो यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा प्राप्त किया गया एक और सम्मान है. पीसीआई डीएसएस प्रमाणन दुनिया में सबसे व्यापक भुगतान सुरक्षा मानकों में से एक है, जो यह दर्शाता है कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया भुगतान प्रणाली की अवसंरचना के प्रबंधन के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रक्रियाओं और बैंकिंग उद्योग की अग्रणी कार्यप्रणालियों का उपयोग करता है.

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के सिस्टम, प्रक्रियाएं और आईटी सुविधाएं भी ISO27001:2013, ISO22301:2019, ISO31000:2018 अंतर्राष्ट्रीय प्रमाणन निकायों द्वारा प्रमाणित है जो अपने

ग्राहकों को सुरक्षित, संरक्षित और लचीला बैंकिंग अनुभव प्रदान करती है. पीसीआई डीएसएस बैंक की सेवा, कार्यनिष्पादन और डाटा गोपनीयता कार्यप्रणालियों के पालन में वृद्धि करता है.

******

प्रेस विज्ञप्ति